Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
January to March 2026, E-Journal, Vol. I, Issue LIII (53), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं की निर्णय क्षमता का अध्ययन

डॉ. ज्योति मैवाल* सुधा जैन**

* प्राचार्य एवं मार्गदर्शक, प्रशांति कॉलेज ऑफ एजुकेशन, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, शिक्षा संस्थान, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध का उद्देश्य कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं की निर्णय क्षमता का अध्ययनकरना है। इस हेतु वर्तमान परिस्थियो को देखते हुएकस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की 400 छात्राओं का चयन न्यादर्शन की यादृच्छिक प्रतिचयन विधि से किया। इसके लिए उज्जैन सभाग के चार जिलों उज्जैन, देवास, मन्दसौर और नीमच से प्रदतों के संकलन के लिए शोधार्थी द्वारा निर्णय क्षमता के मापन के लिए डॉ. किरण दीप सिंह द्वारा निर्मितप्रमाणीकृत निर्धारण मापनी, केरियर डिसिजन मेकिंग स्केल, का प्रयोग किया गया। शोध कार्य में सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया। सांख्यिकी प्रविधि के लिए टेस्ट किया गया। शोध परिणामों से प्राप्त हुआ कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं की निर्णय क्षमतामें सार्थक अन्तर पाया गया।

शब्द कुंजी –कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, निर्णय क्षमता।

(1) कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय –कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय योजना भारत सरकार द्वारा अगस्त 2004 में उच्च प्राथमिक स्तर पर आवासीय विद्यालयों की स्थापना के लिए शुरू की गई थी।जो वर्तमान में देशभर में सुचारू रूप से सचालित हैजो मुख्य रूप से दुर्गम क्षेत्रों की वचिंत बालिकाओं, विशेषत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाओं के लिए आरम्भ की गई। वर्तमान में 4,887 विद्यालय संचालित हैं।

(2) निर्णय क्षमता – निर्णय क्षमता व्यक्तित्व का एक अभिन्नअंग होती है एक बालक के सामने कुछ परिस्थितियों व कठिनाइयॉ आती है और वह स्वाभाविक रूप निर्णय लेता है। विकल्पों का चयन करता है अतीत के अनुभवों से प्राप्त ज्ञान के आधार पर निर्णय लेने में आसानी होती है।

प्रस्तावना – शिक्षा के द्वारा संसार की आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक व आध्यात्मिक तथा सांस्कृतिक प्रगति होती है शिक्षा व्यक्ति की अन्तर निहित शक्तियों को उजागर करती है शिक्षा मावन में निहित ज्ञान को अभिव्यक्त करने का माध्यम है।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल ज्ञान का हस्तांतरण नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के समग्र विकास को सुनिश्चित करना है। विशेष रूप से बालिकाओं के शिक्षा के क्षेत्र में, सामाजिक, भावनात्मक और बौद्धिक क्षमताओं का संतुलित विकास अत्यन्त आवश्यक है। इसी दिशा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना भारत सरकार द्वारा अगस्त, 2004 में उच्च प्राथमिक स्तर परकी गई है। ये विद्यालय सर्व शिक्षा अभियान तथा राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के तहत की गई है इन विद्यालयों में मुख्यत: अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक समुदाय की बालिकाएं अध्ययन करती है। इन बालिकाओं की शैक्षिक उपलब्धि, आत्मविश्वास, दृष्टिकोण, अभिवृत्ति समाज में समानता स्थापित करने के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

निर्णय क्षमता –मानव जीवन विभिन्न परिस्थितियों में निर्णयों की श्रृंखला है।निर्णय क्षमता एक ऐसी व्यावहारिक योग्यता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन करके सर्वोतम विकल्प का चयनकरता है। निर्णय क्षमता व्यक्ति के आत्मविश्वास, नेतृत्व गुण, समस्या समाधान कौशल तथा भावनात्मक सन्तुलन को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

शिक्षा के क्षेत्र में निर्णय क्षमता का विशेष महत्व है। यदि विद्यार्थियों मेंसशक्त निर्णय क्षमता विकसित होती है तो वह शैक्षिक सफलता के साथही आत्मसम्मान और जीवन कौशलों में भी प्रगतिकरता है।

कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्राओं की निर्णय क्षमता को विकसित करने के लिए समूह चर्चा, समस्या समाधान अभ्यास, आलोचनात्मक सोच तथा परियोजना आधारित शिक्षण विधियों छात्राओं की निर्णय क्षमता का विकास प्रत्येक व्यक्ति के लिए न केवल उसकी व्यक्तिगत सफलता, बल्कि एव प्रगतिशील, न्यायसंगत और सशक्त समाज के निर्माण के लिए भी अनिवार्य है।

उद्देश्य :

1. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के निर्णय क्षमता में तुलनात्मक अध्ययन करना।
2. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के निर्णय क्षमता में तुलनात्मक अध्ययन करना।
3. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के निर्णय क्षमता में तुलनात्मक अध्ययन


करना।

परिकल्पना :

1. कस्तूरबागाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कीछात्राओं के निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
2. कस्तूरबागाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं केनिर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।
3. कस्तूरबागाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं केनिर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।

शोधके चर– 1. स्वतन्त्र चर– छात्रायें 2. परतंत्र चर–निर्णय क्षमता

न्यादर्श–उज्जैन संभाग के देवास, उज्जैन, मन्दसौर और नीमच जिले से कुल 400 कस्तूरबागाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं का चयन न्यादर्श के रूप में लॉटरी विधि से किया गया है। प्रत्येक जिले से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को न्यादर्श के रूप में लिया गया है।



शोध उपकरण :किसी भी अनुसंधान का आधार उपकरण होता है। अनुसंधान में प्रदत्तो का संकलन करने के लिए कुछ साधनों की आवश्यकता होती है।इन साधनों को ही उपकरण कहा जाता है।

उपकरणों के प्रकार :–मानकीकृत

शोध में प्रयुक्त उपकरण:

1. निर्णय क्षमता मापनी:– डॉ. किरण दीप सिंह द्वारा निर्मित प्रमाणीकृत निर्धारण मापनी 'केरियर डिसिजन मेकिंग स्केल' का प्रयोग किया गया।
2. शोध विधि:– इस शोध कार्य में सर्वेक्षण विधि का चयन किया गया है।

शोध मे प्रयुक्त सांख्यिकीय प्रविधि:

1. मध्यमान
2. मानक विचलन
3. टी परीक्षण


प्रदत्तों का संकलन–डॉ. किरण दीप सिंह द्वारा निर्मित प्रमाणीकृत निर्धारण मापनी 'केरियर डिसिजन मेकिंग स्केल' का प्रयोग केद्वारा प्रदत्तों का संकलन किया गया है।

प्रदत्तों का विश्लेषण व व्याख्या:–.

तालिका 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 1 से पता चलता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति की छात्राओं कीनिर्णय क्षमता का माध्य 39.44 एवं प्रमाणिक विश्लेषण 8.37 है, एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता का माध्य 36.04 एवं प्रमाणिक विचलन 7.90 है तथा t का मान 3.229 है, जो df= 248 के सार्थकता के 0.01 स्तर पर तालिका के मान 2.576 से अधिक है। इसलिए यह सार्थकता के स्तर पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना **'कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'** निरस्त की जाती है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य फलाकों का मान 39.44 है, जोकि अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता के मान 36.04 से सार्थक रूप से अधिक है।अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की अनुसूचित जातिकी छात्राओं की निर्णय क्षमता अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता से सार्थक रूप से अधिक है इसलिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अंतर पाया गया है।




ग्राफ 01: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य और मानक विचलन का ग्राफ

तालिका 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 2 से पता चलता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति की छात्राओं कीनिर्णय क्षमता का माध्य 39.44 एवं प्रमाणिक विश्लेषण 8.37 है, एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमताका माध्य 47.41 एवं प्रमाणिक विचलन 3.99 है तथा t का मान 9.439 है, जो df= 243 के सार्थकता के 0.01 स्तर पर तालिका के मान 2.576 से अधिक है। इसलिए यह सार्थकताके स्तर 0.01 पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना **'कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'**निरस्त की जाती है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की पिछड़ा वर्गकी छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य फलाकों का मान47.41 है, जोकि अनुसूचित जाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य फलांको का मान 39.44 से सार्थक रूप से अधिक है।अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता अनुसूचित जाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता से सार्थक रूप से अधिक है इसलिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अंतर पाया गया है।




ग्राफ 02: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य और मानक विचलन का ग्राफ

तालिका 3 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका 3 से पता चलता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति की छात्राओं कीनिर्णय क्षमता का माध्य 36.04 एवं प्रमाणिक विश्लेषण 7.90 है, एवं पिछड़ा वर्गकी छात्राओं की निर्णय क्षमताका माध्य 47.41 एवं प्रमाणिक विचलन 3.99 है तथा t का मान 14.114 है, जोके सार्थकता के 0.01 स्तर पर तालिका के मान 2.576 से अधिक है। इसलिए यह सार्थकताके स्तर 0.01 पर सार्थक है। अत: शून्य परिकल्पना **'कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता में कोई सार्थक अंतर नहीं है।'** निरस्त की जाती है।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य फलाकों का मान 47.41 है, जोकि अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य फलांको का मान 36.04 से सार्थक रूप से अधिक है। अत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता से सार्थक रूप से अधिक है इसलिए कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अंतर पाया गया है।



ग्राफ 3: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता के माध्य और मानक विचलन का ग्राफ

शोध निष्कर्ष:

1. कस्तूरबागाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कीछात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अन्तर पाया गया है।
2. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अन्तर पाया गया है।
3. कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं की निर्णय क्षमता में सार्थक अन्तर पाया गया है।

शैक्षिक निहितार्थ:

1. विद्यार्थियों के लिए:

1. छात्राओं को निर्णय लेते समय तार्किक सोच, समस्या-विश्लेषण और भावनात्मक संतुलन बनाए रखना चाहिए।
2. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय छात्राओं को उनकी आवश्यकताओं और रुचियों के अनुसार शिक्षा प्रदान करनी चाहिए, जहाँ उन्हें प्रोजेक्ट-आधारित, प्रश्न-आधारित और खोजपरक शिक्षा (Inquiry-based learning) के माध्यम से सीखने के अवसर मिलें।
3. छात्राओं को नैतिकता, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और संवैधानिक मूल्यों की शिक्षा दी जानी चाहिए। वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारीयों को समझने और एक आदर्श नागरिक बनने के लिए प्रेरित होती है।

2. शिक्षको के लिए :

1. कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट क्लासरूम के उपयोग के लिए शिक्षकों को तकनीकी रूप से सक्षम होना चाहिए।
2. शिक्षकों को शिक्षण पद्धतियों को अधिक छात्र-केंद्रित बनाना चाहिए।
3. छात्राओं की सोचने-समझने की क्षमता, रचनात्मकता और जीवन कौशल को मापने के लिए नई मूल्यांकन तकनीकों का उपयोग करना चाहिए।
4. शिक्षकों को NEP 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए नियमित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं में भाग लेना चाहिए।

3. अभिभावको के लिए :

1. अभिभावकों को छात्राओं की निर्णय क्षमता और भावनात्मक जरूरतों को समझते हुए उन्हें स्वतंत्र निर्णय लेने के अवसर देने चाहिए।
2. अभिभावकों को विद्यालय के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाकर छात्राओं के विकास में योगदान देना चाहिए।
3. बच्चों की भाषाई क्षमता को प्रोत्साहित करने के लिए घर पर अनुकूल माहौल बनाना आवश्यक है।
4. अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भागीदार बनने कर आवश्यकता है।

4. विद्यालय प्रशासन:

1. विद्यालय प्रबंधन को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान करना होगा जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों को समझे और लागू करे।
2. विद्यालय प्रमुख (प्रिंसिपल) को एक शैक्षिक नेता के रूप में कार्य करना होगा जो शिक्षकों, छात्राओं और अभिभावकों को प्रेरित कर सके।
3. प्रौद्योगिकी-सक्षम शिक्षण उपकरणों, स्मार्ट क्लासरूम और पुस्तकालयों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए रणनीति तैयार करना।

4. प्रशासन को शैक्षिक नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देना होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कपिल एच. के. (1997) सख्यिकी के मूल तत्व , विनोद पुस्तक मन्दिर आगरा नवीनतम संस्करण।
2. राय पारसनाथ (1998)अनुसंधान परिचय हिन्दी ग्रन्थ अकादमी राजस्थान।
3. शर्मा, जी., और भार्गव (2005,) शिक्षा मनोविज्ञान, आगरा, एच.पी. भार्गव बुक हाउस।
4. माथुर, एस.एस. (2006), जी, प्रगत शिक्षा मनोविज्ञान, प्रथम संस्करण, हिन्दी माध्यम कार्यान्वयन निदेशालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली।
5. अस्थाना, डॉ विपिन, (1994) मनोविज्ञान और शिक्षा में मापन एवं मूल्याकन विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
6. भटनागर, आर.पी. (1995)'शिक्षा अनुसंधान विधि एवं विशलेषण' मेरठ: ईगल बुक इन्टरनेशनल।
7. सिह, लाल साहब (2004), 'मापन मूल्यांकन एवं सांख्यिकी' साहित्य प्रकाशन, आगरा।
8. पाल एस.के (2007-08),'शिक्षा के सिद्धांत और आधार' इलाहाबाद: न्यू कैलाश प्रकाशन।
9. सिंह योगेश कुमार (2009),'तुलनात्मक शिक्षा' नई दिल्ली यूनिवर्सिटी पब्लिकेशन।
10. कुलश्रेत्र, एम.पी. (2005), 'शिक्षा मनोविज्ञान' आर. लाल बुक डिपो मेरठ।
11. माथुर, एस.एस. (2006),'शिक्षा मनोविज्ञान', आगरा विनोद पुस्तक मन्दिर।
12. ए.बी. (2007), 'भारत में शैक्षिक प्रणाली का विकास' आर. लाल बुक डिपो, मेरठ।
13. मंगल एस.के. (2009),'शिक्षा मनोविज्ञान' नई दिल्ली पी.एच. आई. लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड
14. मंगल अंशु बरोलिया एस. एवं अन्य (2010),'शैक्षिक अनुसंधान की विधियां एवं शैक्षिक सांख्यिकी' राधा प्रकाशन मंदिर, आगरा।

भारतीय/शोध ग्रन्थ/लघु शोध ग्रन्थ/पत्र-पत्रिकायें / जर्नल्स :

1. गानेरी गार्डन (2014),'भारतीय परिपेक्ष्य में प्रदर्शन के विद्यार्थियों की निर्णय क्षमता का अध्ययन' राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद,
2. गर्ग, एस.डी (2014),'प्रयोगात्मक खोजी बच्चों में निर्णय क्षमता का अध्ययन', लघु शोध प्रबंध, बुनियादी शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर (राज.)
3. यादव, शालिनी और सैनी, जया (2018),'व्यक्तित्व की निर्णय क्षमता का शैक्षिक उपलब्धि पर प्रभाव' शिक्षा और मनोविज्ञान अनुसंधान जनरल, गाजियाबाद, उत्तरप्रदेश, वॉल्यूम 1, अंक 1

तालिका 1: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के निर्णय क्षमता के माध्य, मानक विचलन एवं टी फलांकों का सारांश

निर्णय क्षमता	संख्या(N)	मध्यमान(M)	मानक(SD)	मानक विचलन त्रुटि(SED)	df	't' value	Remark
अनुसूचित जाति की छात्रायें	135	39.44	8.37	0.74	248	3.299*	Significant
अनुसूचित जनजाति की छात्रायें	135	36.04	7.90	0.70			

सार्थकता का स्तर- 0.01

तालिका 2: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के निर्णय क्षमता माध्य, मानक विचलन एवं टी फलांकों का सारांश

निर्णय क्षमता	संख्या(N)	मध्यमान(M)	मानक(SD)	मानक विचलन त्रुटि(SED)	df	't' value	Remark
अनुसूचित जाति की छात्रायें	135	39.44	8.37	0.74	243	3.299*	Significant
पिछड़ा वर्ग की छात्रायें	130	47.41	3.99	0.36		सार्थकता का स्तर- 0.01	

तालिका 3: कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग की छात्राओं के निर्णय क्षमता माध्य, मानक विचलन एवं टी फलांकों का सारांश

निर्णय क्षमता	संख्या(N)	मध्यमान(M)	मानक(SD)	मानक विचलन त्रुटि(SED)	df	't' value	Remark
अनुसूचित जनजाति की छात्रायें	135	36.04	7.90	0.70	243	14.114*	Significant
पिछड़ा वर्ग की छात्रायें	130	47.41	3.99	0.36			

सार्थकता का स्तर- 0.01

****